# महापौर के फोन पर भी कचरा उठाने नहीं पहुंची बीवीजी कंपनी की गाड़ी

## तब शील धाबाई ने मजबूरन नगर निगम का हूपर बुलवाकर कचरा उठवाया

**जयपुर** (कासं)। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में फेल बीवीजी कंपनी जयपुर के दोनों नगर निगमों के लिए नासूर बन चुकी है। लोगों के कहने पर कचरा उठाना तो दूर कंपनी के लोग महापौर के फोन के बावजूद भी कचरे की गाड़ी नहीं भेजते।

बुधवार को ऐसा ही वाकया हुआ, जब ग्रेटर महापौर शील धाबाई और गैराज चेयरमैन विनोद चौधरी वैशाली नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था जांचने पहुंचे। क्वींस रोड, गांधी पथ, चित्रकूट रोड, गुरूद्वारा रोड, नर्सरी सर्किल, आम्रपाली सर्किल और गौतम मार्ग पर महापौर शील धाबाई ने सफाई व्यवस्था देखी, लेकिन उन्हें कहीं भी सफाई नजर नहीं आई। मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे मिले। इससे नाराज होकर शील धाबाई ने मौके से ही बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि को फोन करके कचरा उठाने को कहा, लेकिन उसने गाड़ी नहीं भिजवाई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद शील धाबाई ने चौधरी विनोद चौधरी से कहकर नगर निगम के गैराज से हूपर बुलवाया और कचरा हटवाया। इसके बाद उपायुक्त स्वास्थ्य को बीवीजी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

अब ताज्जुब की बात यह है कि जब बीवीजी कंपनी के लोग महापौर और अधिकारियों की नहीं सुनते तो फिर पार्षदों और आमजन की सुनवाई कैसे होगी? अधिकांश पार्षदों के वार्ड में बीवीजी कंपनी के हूपर कचरा उठाने नहीं पहुंचते, रोजाना सैकड़ों लोग सफाई को लेकर नगर निगम के कॉल सेंटर पर शिकायतें दर्ज करवाते हैं, लेकिन नगर निगम के अफसर बीवीजी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के नाम पर चुप्पी साधे बैठे हैं। पिछले दिनों कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से लेकर अधिकांश विधायक कंपनी के खिलाफ नाराजगी जता चुके हैं। दोनों ही निगमों की पहली बोर्ड मीटिंग में बीवीजी कंपनी से सफाई का काम वापस लेकर नगर निगम के स्तर पर करने का निर्णय हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

अधिकांश पार्षदों का कहना है कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तो दूर मुख्य सड़कों तक से कचरा नहीं हट रहा। जबकि जिन शर्तों पर कंपनी को काम दिया गया था, उनमें से इक्का-दुक्का की पालना भी बमुश्किल हो रही होगी। बीवीजी कंपनी के हूपर जब घरों में कचरा उठाने नहीं जाएंगे तो फिर लोग तो मजबूरन सड़क किनारे ही कचरा डालेंगे। लेकिन नगर निगम प्रशासन बीवीजी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय आमजन से गंदगी फैलाने का जुर्माना वसूलने का डंडा चला रहा है। मेयर शील धाबाई ने भी बुधवार को कचरा फैलाने वाले लोगों से 5 हजार रुपये तक का जुर्माना वसूलने को कहा है।



**ग्रेटर महापौर शील धाबाई को वैशाली नगर क्षेत्र के औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य सड़कों और कॉलोनियों में गंदगी के ढेर लगे मिले।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **ताज्जुब की बात यह है कि जब बीवीजी कंपनी के लोग महापौर व अधिकारियों की नहीं सुनते तो फिर पार्षदों और आमजन की सुनवाई कैसे होगी?**
- **घरों में कचरा उठाने को हूपर नहीं पहुंच रहे, इस कारण लोग सड़कों पर कचरा डाल रहे हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन इन लोगों से 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूलने की तैयारी में है।**

## राहगीरों से मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार, दो बाइक भी बरामद की

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर पुलिस ने शहर में चोरी की बाइक पर पीछा कर राहगीरों के मोबाइल फोन लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन और चोरी की दो मोटर साईकिलों को बरामद किया हैं।

थानाप्रभारी पन्नालाल मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सैफ अली (24) पुत्र अफजल खान तोपखाना हजूरी शहादत सूल के सामने, रामगंज बाजार में एक मकान में किराए से रहता है। उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल व चोरी की बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में अजमेर जिले के रुपनगढ़ में रहने वाले नारायण लाल मीणा ने मंगलवार को थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह जवाहर नगर में किराए से रहता है। यहां प्राइवेट जॉब करता है। वह मंगलवार को सड़क पर पैदल जा रहा था। तभी गांव से उसके भाई का फोन आ गया। इस पर नारायणलाल फोन पर बातें करते हुए सड़क से गुजर रहा था। तभी बाइक सवार एक बदमाश आया। उसने पास में आकर झपट्टा मारा और हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकला।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर मोबाइल कॉल लोकेशन के आधार पर सैफ अली को धर-दबोचा। उससे मोबाइल बरामद कर लिया। साथ ही बाइक भी जब्त की गई। तब सामने आया कि सैफ अली के पास मिली बाइक भी उसने जयपुर में किसी कॉलोनी से चुराई थी। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कूकरखेड़ा में चार मंजिला इमारत में 30 फ्लैट सील




**जेडीए ने कूकरखेड़ा में चार मंजिला अवैध इमारत में प्रवेश करने के सभी रास्तों पर ईंटों की दीवार बनवाकर सीलिंग की कार्रवाई की।**

**जयपुर** (कासं)। जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने बुधवार को सीकर रोड पर कूकरखेड़ा में बनीं चार मंजिला अवैध इमारत के 30 फ्लैट सील किये। दो फ्लैट का मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि सीकर रोड स्थित कूकरखेड़ा में दो आवासीय भूखंडों पर टॉवर बना लिए थे। इनमें 16-16 फ्लैट थे। 12 मई को जेडीए ने पहली बार नोटिस देकर काम रुकवाया था। इसके बाद गार्ड भी लगाया गया, लेकिन निर्माणकर्ता ने अवैध निर्माण को नहीं हटाया। कार्रवाई के दौरान इमारत के प्रवेश द्वारों, सीढ़ियों और दरवाजों से लेकर खिड़कियों पर ईंटों की दीवार चुनवाकर आवाजाही बंद कर दी है। इसके अलावा निवारू रोड से मुण्डोता जाने वाली रोड पर जेडीए स्वामित्व की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस जमीन पर लम्बे समय से कब्जा कर रखा था। यहां पर पशुओं के बांधने के लिए कच्चे और पक्के निर्माण कर लिए थे। साथ ही बाथरूम भी बना रखे थे।

# चार घंटे चली मैराथन बैठक में चिकित्सा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश

- **चिकित्सा मंत्री ने प्रदेश की सभी मेडिकल कॉलेजों में जीनोम सैंपलिंग की शुरुआत करने को कहा**

**जयपुर**, (कासं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने आगामी दिनों में प्रदेश में करोना टेस्टिंग को बढ़ाने, दिसंबर के अंत तक शत-प्रतिशत लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लगाने, दूसरे डोज में गति लाने और करोना से हुई मौतों के मुआवजे देने संबधी मामले जल्द से जल्द निष्पादित करने के निर्देश दिए हैं।

मीणा ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ लगभग 4 घंटे मैराथन बैठक लेकर विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान वीसी के माध्यम से प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सीएमएचओ, पीएमओ, बीसीएमएचओ, संयुक्त निदेशक एवं संबंधित अधिकारी जुड़े रहे।

चिकित्सा मंत्री ने करोना संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक स्थलों जैसे भीड़-भाड़ वाले बाजार, मंडियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टैंड और पर्यटक स्थलों और स्कूलों में रैंडम सैंपलिंग के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 28 हजार से ज्यादा सैंपल प्रतिदिन लिए जा रहे हैं। उन्होंने प्रतिदन 1 लाख तक सैंपल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों के आउटडोर या इंडोर में आने वाले सस्पेक्टेड, आईएलआई मरीजों का कोविड सैंपल लेने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा सैंपल लिए जाएंगे उतना जल्दी संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश करोना प्रबंधन में अव्वल रहा है। कोरोना वैक्सीनेशन में भी राजस्थान राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। प्रदेश में 84 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली और 54 फीसदी को दूसरी डोज लग चुकी है। उन्होंने सभी सीएमएचओ को दिसंबर माह के अंत तक पहली डोज शत-प्रतिशत लगाने और दूसरी डोज में तेजी से गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को घर-घर जाकर टीका लगाने और आमजन को दूसरे डोज के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में प्रतिदिन 10 लाख डोज प्रतिदिन लगाने का लक्ष्य रखने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि विभाग के पास प्रतिदिन 15 लाख वैक्सीन लगाने की क्षमता है। चिकित्सा मंत्री ने करोना पॉजीटिव आए मरीजों के सैंपल की जिनोम सैंपलिंग में गति लाने के साथ प्रदेश की सभी मेडिकल कॉलेजों में जीनोम सैंपलिंग की शुरुआत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीरो सर्विलांस, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स की प्रगति, आईसीयू, शिशु चिकित्सालों की स्थिति सहित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान मौसमी बीमारियों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में माइक्रो प्लानिंग करते हुए प्रिवेंटिव एक्टिवटी चलाने और प्रभावित क्षेत्रों में फोगिंग व अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

मीणा ने कहा कि कोरोना से हुई मौतें बेहद संवेदनशील मामला है। अधिकारी स्वप्रेरित होकर मुआवजे के मामलों को आगामी 7 दिनों में सक्षम स्तर तक पहुंचाकर प्रभावितों को मुआवजा दिलाने में मदद करें। उन्होंने सभी सीएमएचओ व उच्च अधिकारियों को फील्ड में जाकर काम करने के भी निर्देश दिए।

## 'जनजागरुकता से एड्स जैसी बीमारी को मात दे सकेंगे'

**जयपुर** । चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि जनजागरुकता लाकर एचआईवी (एड्स) बीमारी को मात दी जा सकती है। सावधानी और सतर्कता के जरिए ही हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। मीणा बुधवार को ओटीएस में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित नियमित दवाओं के सेवन से सामान्य जीवन यापन कर सकता है। राज्य सरकार चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के जरिए 5 लाख रुपए तक का बीमा दे रही है। जरूरतंमद लोगों की निशुल्क दवाएं और मुफ्त जांच की सुविधा मिल रही है। सरकार भी एचआईवी पीड़ित लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं दे रही है। उन्होंने एड्स पीडितों के लिए कार्य कर रही संस्थाओं की दिल खोलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थाएं ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लाने का अनुकरणीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर एड्स नियंत्रण के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों और रेड रिबन क्लब के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। एड्स कंटोल सोसायटी के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं।

# ममता भूपेश ने लांच किया एड्स जागरूकता पोस्टर




**जयपुर** । विश्व एड्स दिवस पर, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने राज्य में एचआईवी पॉजिटिव बच्चों और वयस्कों को सशक्त, मजबूत बनाने और सहयोग करने के लिए पोस्टर लॉन्च किया। यह जानकारी अध्यक्ष और सह-संस्थापक रेज-आशा की एक किरण, कैप्टन गुरिंदर विर्क ने दी।

विश्व एड्स दिवस पर मंत्री ममता भूपेश ने जागरूकता पोस्टर लॉन्च किया और एचआईवी बच्चों और जागरूकता के लिए रेज- आशा की एक किरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। यह पहल जागरूकता, सकारात्मकता पैदा करने और एचआईवी के बारे में भेदभाव, गलत जानकारी और अज्ञानता को खत्म करने के लिए रेज द्वारा शुरू की गई है। मंत्री ममता भूपेश बताया कि इस एनजीओ के माध्यम से एचआईवी पॉजिटिव बच्चों को नया जीवन दिया जा रहा है और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। यह बहुत अच्छी पहल है कि उनके जीवन को एक उद्देश्य दिया जा रहा है। हमें ऐसे और भी लोगों की जरूरत है जो समाज के वंचित लोगों के लिए काम कर सकें, और सरकार की योजनाओं का लाभ उनकी बेहतरी के लिए इस्तेमाल कर सकें। जब संस्थान विशेष लोगों के साथ काम करेंगे, तो समाज का उत्थान होगा और प्रेम व सद्भाव का माहौल बनेगा।

# घर के बाहर से अपहृत "कृष्णा" का 20 दिन बाद भी सुराग नहीं

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर में गत 12 सितम्बर को सरेआम घर के बाहर से 9 वर्षीय कृष्णा के अपहरण के मामले में पुलिस अब तक खाली हाथ है। दो अपहरणकर्ता घर के बाहर साइकिल चलाने निकले कृष्णा को अगवा कर ले गए। दो युवतियों ने अपहरणकर्ताओं का कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन अपहरणकर्ता बच्चे को किसी वाहन में पटककर ले गए। तुरंत पुलिस को सूचना मिल गई थी। इसके बावजूद पुलिस ना ही अपहरणकर्ताओं को पकड़ सकी और ना ही बच्चे को तलाश सकी। अब कृष्णा के परिजन ही बच्चे की तलाश में जुटे हैं।

बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट पुलिस ने गत एक वर्ष में लापता हुए बच्चों में से 11 को अन्य राज्यों से तलाशा। जबकि राजस्थान के ही अन्य जिलों से 4 बच्चों को और 24 बच्चों को जयपुर में ही तलाश लिया था। जयपुर पुलिस शहर से लापता हुए बच्चों को महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश से भी तलाशकर ले आई। पुलिस ने शहर में ऑपरेशन मिलाप के तहत करीब 167 बच्चों की स्क्रीनिंग भी की है। कमिश्नरेट पुलिस जयपुर उत्तर के 3, दक्षिण के 12, पूर्व के 6 और पश्चिम क्षेत्र से लापता 18 बच्चों की तलाश की।

## चयन प्रक्रिया से बाहर नहीं करने के आदेश

**जयपुर** । हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती-2019 से जुड़े मामले में केवल ईडब्ल्यूएस वर्ग का प्रमाण पत्र पेश नहीं करने के चलते अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से बाहर नहीं करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश अभिषेक शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने 4 दिसंबर 2019 को कांस्टेबल पद पर भर्ती निकाली। याचिकाकर्ता के परीक्षा पास करने पर विभाग ने दस्तावेज सत्यापन के दौरान गत 27 अक्टूबर को उसे तीन दिन में वर्ष 2019-20 का ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पेश करने को कहा।

# युवती का पीछा कर धमकी देने वाला सिरफिरा पकड़ा

- **आरोपी के फरार दो साथियों की तलाश में जुटी है सांगानेर थाना पुलिस**

**जयपुर** । सांगानेर थाना पुलिस ने युवती का पीछा कर उसे जान से मारने की धमकी देने वाले सिरफिरे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फ़िलहाल उसके दो साथी फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

थानाधिकारी हरी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सुनील शर्मा उर्फ़ लक्की (25) चौधरी कॉलोनी, सांगानेर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ इलाके निवासी 26 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह उसका पीछा कर गोली मारने की धमकी देता है। 13 अगस्त घर पर ससुराल पक्ष के लोग आए हुए थे। इस दौरान आरोपित शराब के नशे में बाइक पर अपने दो अन्य साथियो के साथ वहां आया और जमकर उत्पात मचाया। इसके बाद पत्थर से ससुराल पक्ष की कार को तोड़कर फरार हो गए। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर उसके अन्य दो साथियों की तलाश कर रही है।

## दोनों निगमों के लिए अलग-अलग चुनाव क्यों नहीं?

**जयपुर** । नगर निगम जयपुर और हेरिटेज में कार्यरत वाल्मीकि एवं सफाईकर्मियों के कर्मचारी संघ के संयुक्त रूप से चुनाव करवाने के डीएलबी निदेशक के आदेश को सफाईकर्मी नेता राकेश कुमार मीणा व एक अन्य ने चुनौती देते हुए वाद दायर किया है।

जिस पर न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश क्रम 4 जयपुर महानगर प्रथम ने जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज कमिश्नर सहित डीएलबी निदेशक को जारी कर मंगलवार तक जवाब माँगा है। दावे में बताया कि राज्य सरकार ने 18 अक्टूबर 2019 को अधिसूचना जारी करते हुए नगर निगम जयपुर को दो भागों में विभाजित करते हुए दो नए नगर निगम का गठन कर दिया गया था। इसके साथ ही नवगठित निगमो की सीमाओं और वार्डो का भी नए सिरे से परिसीमन किया था और कर्मचारियों को भी दोनों निगमों में बांट दिया गया था। इसके बावजूद दोनों निगमों के लिए एक ही वाल्मीकि संघ का चुनाव कराया जा रहा है।

# रेजिडेंट डॉक्टर्स का कार्य बहिष्कार जारी, मरीज परेशान



**रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल के कारण सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को उपचार के लिए बेहद परेशान होना पड़ रहा है।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **रेजीडेंट्स ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी है अगर दबाव बनाया तो संपूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे**

**जयपुर**, (कासं)। राजधानी में रेजिडेंट डॉक्टर्स की ओर से बुधवार को भी कार्य बहिष्कार जारी रहा। इससे एसएमएस सहित विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराने आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अन्य सेवाओं का रेजीडेंट्स की ओर से बहिष्कार किया जा रहा है। बुधवार को रेजीडेंट्स ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी को पत्र लिखकर चेतावनी भी दी है कि कार्य बहिष्कार के दौरान इमरजेंसी सेवाओं के अतिरिक्त कोई सेवा रेजीडेंट्स से लिए जाने का दबाव बनाया गया तो वे सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। दबाव होने पर वे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को भी सेवाएं नहीं देंगे। उनके इस कार्य बहिष्कार के चलते एसएमएस अस्पताल की ओपीडी सेवाओं का हाल बेहाल है। कई विभागों में तो सीनियर डॉक्टर्स तक मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। मरीज अस्पताल में चक्कर काटकर चले जाने को मजबूर हैं। जानकारी न होने के चलते भी मरीज घंटों यहां ओपीडी में इंतजार कर रहे हैं। लेकिन रेजीडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते ओपीडी सुचारू नहीं हो पा रही है। रेजीडेंट डॉक्टरों का कहना है कि जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स की बुधवार को बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस आंदोलन को लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आंदोलन सुचारू रहेगा। राज्य और केन्द्र सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता के साथ कुछ नहीं करती है तो इमरजेंसी सेवाओं का भी बहिष्कार किया जाएगा।

गौरतलब है कि रेजिडेंट्स नीट पीजी काउंसलिंग को लेकर हो रही देरी पर विरोध जता रहे हैं, जबकि यह पूरा मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट ने मामले में 6 जनवरी की तारीख दी है। इसके विरोध में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के आहवान पर देशभर के रेजिडेंट कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### एचआईवी संक्रमण की रोकथाम पर चर्चा



**जयपुर** (कासं)। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में बुधवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता सेमिनार हुआ। डॉक्टर्स ने एचआईवी संक्रमण की रोकथाम व इस रोग के फैलने के कारणों के साथ-साथ बचाव के उपाय भी बताये। डॉक्टर्स ने ब्लड ट्रांसफ्यूजन के द्वारा एचआईवी संक्रमण के खतरों के बारे में और रक्तदाताओं को एचआईवी संक्रमण से बचने के लिए उपाय बताए। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी व इम्यूनो हेमेटोलॉजी एवं ब्लड बैंक ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि एचआईवी संक्रमण की रोकथाम और इसे कम करने के लिए ब्लड बैंक में एडवांस टेक्नोलॉजी से रक्त के नमूनों की जांच होनी चाहिए। साथ ही जब बहुत ही ज्यादा जान पर खतरा हो, तभी मरीज को ब्लड ट्रांसफ्यूजन करना चाहिए। ब्लड ट्रांसफ्यूजन एक लाइफ सेविंग प्रक्रिया है। इस मौके पर एचआईवी संक्रमण से बचाव और रोकथाम के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनय मल्होत्रा और ब्लड बैंक में कार्यरत लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

### शो में मूक-बधिर बच्चे दिखाएंगे हुनर

**जयपुर** । विशेष योग्यजन बच्चें रैंप पर फैशन शो के साथ ही डांस परफॉरमेंस के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते दिखेंगे। अंतर्राष्ट्रीय विश्व विकलांगता दिवस (3 दिसंबर) के अवसर पर अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसाइटी, हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी और राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दार वरिष्ठ उच्च माध्यमिक मूक बधिर विद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम एक शाम मानवता के नाम 2021 का आयोजन होगा। अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता गौड़, डॉ अतुल गुप्ता व मोनिका गुप्ता, फैशन डिज़ाइनर अमिका हल्दिया, होटेलियर पवन गोयल, डॉ. अरविन्द अग्रवाल और फैशन फोटोग्राफर रमेश कुमार ने शो से जुड़ी तैयारियों का जायज़ा लिया। संगीता गौड़ ने बताया कि 7 साल से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का आठवां अध्याय उसी जोश और आत्मीयता के साथ फिर से प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसके लिए इस साल सभा मूक-बधिर बच्चें अपना टैलेंट और आत्मविश्वास के साथ जीवन का जज़्बा दिखाएंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन किया है, वे स्वयं 3 दिसंबर को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सभी स्टूडेंट्स फैशन शो में रैंप पर अपना कॉन्फिडेंस बिखेरेंगे। जिसमें फैशन डिज़ाइनर अमिका हल्दिया के ट्रेडिशनल और इंडो वेस्टर्न डिज़ाइनर गारमेंट्स में बच्चें वॉक करेंगे।

### प्रदेश कार्यकारिणी निर्विरोध गठित

**जयपुर** (कासं)। यूनाईटेड जाट महासभा की वर्ष 2022-24 की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजवीर सिंह ने बताया कि सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये हैं। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार गर्सा, प्रदेश महासचिव त्रिलोक चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, पवन चौधरी, सोहन सिंह गोदारा, मदनलाल बाजिया, दिनेश कुमार चौधरी, भींवाराम भूकर, डॉ. महावीर हुड्डा बने। इसी प्रकार प्रदेश सचिव रेखा ज्याणी, अंशुमन चौधरी, मोतीराम चौपड़ा, हरि सिंह चौधरी, ओम प्रकाश पिलानियां, जयनारायण डूडी, मुकेश कुमार देवन्दा, किशोर कुमार गढ़वाल, अजय कुमार बाजिया, एडवोकेट मोहन सिंह चौधरी, डॉ. महावीर सिंह बलवदा, नवीन चौधरी बने। इसके अलावा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. शालिनी तोमर गर्सा, संजीव चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, प्रदेश सहसचिव मनीषा चौधरी, अवध चौधरी, मुकेश कुमार महला, उत्तम सिंह चौधरी, विकास चौधरी, लक्ष्मी चौधरी, बंशीधर भांवरिया, सुरेन्द्र सिंह डांगी, मनोज कुमार लाम्बा बने।

### कराटे खिलाड़ियों का सम्मान किया

**जयपुर** (कासं)। जिला कराटे प्रतियोगिता में 21 स्वर्ण, 18 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर लाने वाले बनीपार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब के खिलाड़ियों को महिला बाल विकास मन्त्री ममता भूपेश ने सम्मानित किया। क्लब के तकनीकी कराटे कोच शिहान दिनेश डाबी ने बताया कि ऑल इन्डिया कराटे डो फैडरेशन की 19वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जयपुर शहर से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें बनीपार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 18 रजत और 14 कांस्य पद जीतकर जयपुर शहर का नाम रोशन किया है। पदक विजेता खिलाड़ी केटरीना, निहारिका, अवन्तिका, फ्रेया, लवन्या, कृत्रिका, वाणी, ग्रेसिका, आकांक्षा, ईक्शाना, भानुज, क्षितिज, प्रथम, अपूर्व, गौरव, मानव, अनिरूद्ध, आदित्य, प्रीत, पार्थ, और समायरा को महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने अपने हाथों से पदक पहनाया और सम्मानित किया।

### विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान हुआ

**जयपुर**, (कासं)। श्री सत्य साई पी.जी.महिला महाविद्यालय में बुधवार को विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान हुआ। जिसमें महाविद्यालय की एन एस एस, एनसीसी एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में डॉ.अनुराधा सिंह (जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण इकाई, जयपुर) द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को एड्स संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बबीता चौधरी, (पीसीपी, एनडीटी, जिला समन्वयक इकाई जयपुर), रुप कुमार एवं योगेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.कमलेश शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्य साई ट्रस्ट सचिव जे एन शर्मा एवं चेयरमैन सरोज खेमका के मार्गदर्शन में किया गया।